Need to expedite construction of Alirajpur-Khargone- Khandwah New Broad-gauge Railway Line-Laid

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल **(खरगौन) :** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अलीराजपुर -खरगोन-खंडवा नई ब्रॉड गेज रेल लाइन के विषय पर आकर्षित करता हूँ । ₹6.25 करोड़ की लागत से शुरू किए गए इस रेल मार्ग का अंतिम स्थान सर्वेक्षण (FLS) वर्तमान में जारी है और इसमें फुट-टू-फुट सर्वे तथा ड्रोन मैपिंग शामिल है । यह परियोजना पूर्वी और पश्चिमी निमाड़ के 5 जिलों (खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर) को जोड़कर विकास की नई दिशा देगी । चूंकि सर्वे में पहाड़ी क्षेत्र, नदी नाले (नर्मदा की सहायक नदियाँ) और कृषि भूमि शामिल है, मेरा रेल मंत्रालय से अनुरोध है कि वह राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सर्वे के दौरान चिन्हित किए गए नदी-पहाड़ी क्षेत्रों के लिए इंजीनियरिंग डिजाइन को जल्द अंतिम रूप दे । परियोजना की मंजूरी से पहले ही भूमि अधिग्रहण के लिए आवश्यक धारा 20A और अन्य अधिसूचनाएँ जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दे, ताकि बाद में परियोजना में विलंब न हो । सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना को मिशन मोड में पूरा करने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करे ।